(9) (9).

## दिनाँक 22-12-2022 को जिलाधिकारी महोदया की अध्यक्षता में आयोजित जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन की बैठक का कार्यवृत्त :-

दिनाँक 22-12-2022 को प्रातः 11:00 बजे कलैक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी महोदया, हाथरस की अध्यक्षता में जल जीवन मिशन कार्यक्रम फेज-3 के अन्तर्गत पेयजल योजनाओं के निर्माण एवं 10 वर्ष के अनुरक्षण हेतु सूचीबद्ध फर्म मै0 बी0जी0सी0सी0पी0एल0 रामकी (जे0वी0), दिल्ली द्वारा विरचित 39 नग डी0पी0आर0 के अनुमोदन हेतु जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन की बैठक आयोजित की गयी, जिसमें निम्न सदस्यगण उपस्थित रहे :-

1. प्रभागीय वनाधिकारी, हाथरस।
2. मुख्य चिकित्साधिकारी, हाथरस।
3. परियोजना निदेशक, जिला ग्राम्य विकास अभिकरण, हाथरस।
4. जिला पंचायत राज अधिकारी, हाथरस।
5. बेसिक शिक्षा अधिकारी, हाथरस।
6. जिला कृषि अधिकारी, हाथरस।
7. अधिशासी अभियन्ता, सिचाई विभाग, हाथरस।
8. सहायक अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रा0), हाथरस।
9. सहायक अभियन्ता, (डी0डब्ल्यू0एस0एम0),उ0प्र0 जल निगम (ग्रा0),हाथरस।
10. डी0जी0एम0, मै0 बी0जी0सी0सी0पी0एल0, नई दिल्ली।
11. जिला समन्वयक, मै0 मेधज टैक्नो कान्सेप्ट (डी0पी0एम0यू0), हाथरस।
12. जिला परियोजना प्रबन्धक, मै0 आरवी एसोसियेट (टी0पी0आई0), हाथरस।

प्रमुख सचिव, उ0प्र0 शासन, नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति अनुभाग-1 के **शासनादेश सं0 16/2021/948** छियत्तर-1-2021-25सम/2019, दिनाँक 19 मार्च, 2021 के अनुपालन में जल जीवन मिशन कार्यक्रम के कियान्वयन हेतु जनपद स्तर पर गठित जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन की **बैठक दिनाँक 22-12-2022** को आयोजित की गयी।

आयोजित बैठक में अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), हाथरस द्वारा अवगत कराया गया कि जल जीवन मिशन कार्यक्रम फेज-3 के अन्तर्गत राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ द्वारा जनपद में ग्रामीण पेयजल योजनाओं के निर्माण हेतु सूचीबद्ध फर्म मै0 बी0जी0सी0सी0पी0एल0 रामकी (जे0वी0), दिल्ली द्वारा विरचित 33 नग **डी0पी0आर0 दिनाँक 20-08-2022, 35 नग विरचित डी0पी0आर0 दिनाँक 30-09-2022 एवं 87 नग डी0पी0आर0 दिनांक 14-11-2022** को आयोजित जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन की बैठकों में अनुमोदित कर राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ को प्रेषित की जा चुकी है। इस प्रकार अब तक फर्म द्वारा विरचित जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन की बैठक में अनुमोदित डी0पी0आर0 की **सं0- 155 है।**

फर्म द्वारा विरचित अवशेष डी0पी0आर0 में से इस बैठक में **50 नग डी0पी0आर0** अनुमोदित किये जाने का प्रस्ताव है। प्रस्तुत **50 नग डी0पी0आर0 में से 38 नग डी0पी0आर0** सर्वसम्मति से अनुमोदित की गयी, प्रस्तुत डी0पी0आर0 में से **शेष 12 नग डी0पी0आर0** त्रुटिपूर्ण एवं मानकानुरूप न होने के कारण अनुमोदित नहीं की गयी। 38 नग **डी0पी0आर0** को सम्मलित करते हुए फर्म द्वारा विरचित जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन की बैठक में अनुमोदित **डी0पी0आर0 की सं0- 193** हो जायेगी। बैठक में अनुमोदित की गयी डी0पी0आर0 का विवरण निम्न प्रकार है:-

| क0 सं0 | विकास खण्ड | पेयजल योजना का नाम | योजना में सम्मलित ग्रामों की सं0 | योजना में सम्मलित अभिकल्पित आबादी (वर्ष-2053) | योजना में प्राविधानित एफ0एच0टी0सी0 | वर्क कॉस्ट (करोड़ में) | सैनेटेज (करोड़ में) | कुल लागत (करोड़ में) | प्रतिव्यक्ति अभिकल्पित लागत |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | HATHRAS | N. KESHAU | 1 | 2186 | 333 | 1.160 | 0.117 | 1.277 | 5736 |
| 2 | SEHPAU | UGHAI | 1 | 2918 | 431 | 1.496 | 0.159 | 1.655 | 5128 |

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | SEHPAU | RUDAYAL | 2 | 3809 | 385 | 1.876 | 0.193 | 2.069 | 4926 |
| 4 | MURSAN | PHUSKARA | 3 | 2740 | 332 | 1.902 | 0.202 | 2.103 | 6941 |
| 5 | HASAYAN | BANBARIPUR | 1 | 2902 | 385 | 1.917 | 0.203 | 2.120 | 6605 |
| 6 | HASAYAN | ANDOLI | 1 | 5042 | 613 | 2.0745 | 0.2139 | 2.2884 | 4114 |
| 7 | SASNI | RODAYAN | 1 | 5307 | 685 | 2.3409 | 0.2422 | 2.5831 | 4411 |
| 8 | SIKANDRARAO | PACHAYATA | 2 | 4030 | 440 | 2.5936 | 0.2748 | 2.8684 | 6436 |
| 9 | SIKANDRARAO | KIZERPUR | 3 | 3907 | 559 | 2.6389 | 0.2795 | 2.9184 | 6754 |
| 10 | SADABAD | PIPRAMAI | 1 | 4933 | 620 | 3.0106 | 0.3131 | 3.3237 | 6103 |
| 11 | MURSAN | KACHHAPURA | 4 | 4922 | 534 | 3.0829 | 0.3209 | 3.4038 | 6264 |
| 12 | HASAYAN | DHANDAULI | 1 | 5282 | 696 | 3.4578 | 0.3605 | 3.8183 | 6546 |
| 13 | HASAYAN | SAKHI ABU TALIBPUR | 2 | 5083 | 605 | 3.4697 | 0.3676 | 3.8373 | 6826 |
| 14 | HASAYAN | JARERA | 1 | 7027 | 723 | 3.6119 | 0.3768 | 3.9887 | 5140 |
| 15 | SASNI | MAHMUDPUR BARSAI | 1 | 5808 | 738 | 3.6366 | 0.3794 | 4.0160 | 6261 |
| 16 | SASNI | JARAIYA GADA KHERA | 2 | 6941 | 774 | 3.6844 | 0.3846 | 4.0695 | 5308 |
| 17 | MURSAN | KHERIA DAHAR | 4 | 5276 | 570 | 3.7003 | 0.3862 | 4.0865 | 7013 |
| 18 | HATHRAS | NAGLA ADU | 4 | 5631 | 671 | 3.7256 | 0.3889 | 4.1145 | 6616 |
| 19 | HASAYAN | KANUE/KANA U | 1 | 5723 | 780 | 3.7795 | 0.4004 | 4.1799 | 6604 |
| 20 | HATHRAS | GARHI DUDHA DHARI | 2 | 5529 | 641 | 3.8099 | 0.4036 | 4.2135 | 6891 |
| 21 | SIKANDRARAO | MAU CHIRAYAL | 1 | 6480 | 829 | 4.049 | 0.4231 | 4.4721 | 6248 |
| 22 | HASAYAN | BHANKURI | 2 | 6321 | 767 | 4.1669 | 0.4414 | 4.6083 | 6592 |
| 23 | MURSAN | DHATURA KHURD | 4 | 6280 | 719 | 4.1715 | 0.4419 | 4.6134 | 6643 |
| 24 | HASAYAN | SICHAWALI KADIM | 3 | 6020 | 678 | 4.2116 | 0.4403 | 4.6519 | 6996 |
| 25 | MURSAN | GAMBHIR PATTI BISANA | 3 | 6765 | 912 | 4.3193 | 0.4576 | 4.7769 | 6385 |
| 26 | HASAYAN | JARINPUR BHURAKA/ | 2 | 6997 | 950 | 4.3306 | 0.4529 | 4.7835 | 6189 |
| 27 | MURSAN | TUKSAN | 2 | 7141 | 788 | 4.3737 | 0.4633 | 4.8370 | 6125 |
| 28 | MURSAN | ANI GARHI | 3 | 6571 | 726 | 4.4219 | 0.4684 | 4.8903 | 6729 |
| 29 | HASAYAN | BAPANDAI | 3 | 7226 | 786 | 4.422 | 0.4684 | 4.8904 | 6120 |

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 30 | HATHRAS | RATAN GARHI | 3 | 7128 | 837 | 4.5033 | 0.477 | 4.9803 | 6318 |
| 31 | HASAYAN | AMAUSI | 2 | 7238 | 805 | 4.5054 | 0.4773 | 4.9827 | 6225 |
| 32 | HATHRAS | NAGLA KHARGU | 4 | 9523 | 1063 | 4.6715 | 0.4891 | 5.1606 | 4905 |
| 33 | SIKANDRARAO | GANTHARI SHAHPUR | 3 | 7471 | 920 | 4.8561 | 0.5144 | 5.3705 | 6500 |
| 34 | SADABAD | BARAMAI | 3 | 7959 | 1003 | 4.9338 | 0.5168 | 5.4506 | 6199 |
| 35 | SIKANDRARAO | BHENSMAI | 3 | 7814 | 1086 | 5.2414 | 0.5552 | 5.7966 | 6708 |
| 36 | SIKANDRARAO | DEWAR PANAKHAR | 2 | 8976 | 1155 | 5.2809 | 0.5594 | 5.8403 | 5883 |
| 37 | SIKANDRARAO | NAGLA JALAL(SIKAND | 1 | 9867 | 1179 | 5.6614 | 0.5997 | 6.2611 | 5738 |
| 38 | SIKANDRARAO | BHISI MIRZAPUR | 2 | 8705 | 1164 | 6.0566 | 0.6416 | 6.8082 | 6958 |
| Total | | | 84 | | 27911 | 141.312 | 14.871 | 156.293 | |

उपरोक्त अनुमोदित 38 नग डी0पी0आर0 में से **कमांक 1 से 31 तक की डी0पी0आर0 रू0 5.00 करोड से कम** की होने के कारण जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन की बैठक से अनुमोदित की गयी हैं एवं **कमांक 32 से 38 तक की डी0पी0आर0 रू0 5.00 करोड से अधिक** की होने के कारण उनकी वेटिंग करा कर सीधे ही राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ को प्रेषित की जायेंगी।

बैठक में जल जीवन मिशन कार्यक्रम फेज-2 एवं 3 में कराये जा रहे कार्यों की समीक्षा भी की गयी, जिसमें अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0ज0नि0ग्रा0, हाथरस द्वारा अवगत कराया गया कि :-

1. जल जीवन मिशन कार्यक्रम फेज-2 के अन्तर्गत फर्म द्वारा 102 नग बोरिंग कराये जाने हैं, जिसके सापेक्ष 39 नग बोरिंग करते हुए मात्र 18 स्थानों पर कम्प्रेसर लगाये गये हैं, जिनमें से मात्र 10 स्थानों पर ही ओ0पी0यूनिट लगाकर बोरिंग पूर्ण किये गये हैं। फर्म द्वारा तत्कालीन उ0प्र0 जल निगम द्वारा निर्मित पूर्व से अधिष्ठपित 15 नग बोरिंगों का प्रयोग करते हुए पेयजल आपूर्ति की जा रही है। फर्म द्वारा बोरिंगों हेतु आवश्यक रिंग मशीनों की संख्या कार्य-स्थलों पर मात्र 02 हैं, जिस पर महोदया द्वारा नाराजगी व्यक्त करते हुए निर्देश दिये कि तत्काल रिंग मशीनों की संख्या कम से कम 10 करते हुए शेष बचे हुए 48 स्थानों पर बोरिंग कराया तत्काल प्रारम्भ कराया जाये।
2. जल जीवन मिशन कार्यक्रम फेज-2 के अन्तर्गत फर्म द्वारा 102 नग पम्प हाउस के सापेक्ष 10 स्थान जहां बोरिंग का कार्य पूर्ण हो चुका है उनमें से मात्र 06 स्थानों पर कार्य प्रारम्भ कराया गया है, 4 स्थानों पर ही पम्प हाउस का निर्माण कार्य चल रहा है 02 स्थानों पर कार्य बन्द है, जिस पर महोदया द्वारा नाराजगी व्यक्त करते हुए सभी 10 स्थानों पर पम्प हाउस का निर्माण कार्य प्रारम्भ कराया जाये और श्रमिकों की संख्या बढ़ाते हुऐ कार्य की प्रगति बढ़ायी जाये।
3. जल जीवन मिशन कार्यक्रम फेज-2 के अन्तर्गत फर्म द्वारा 81 नग शिरोपरि जलाशयों का निर्माण कार्य कराया जाना है, जिसके सापेक्ष फर्म द्वारा 12 शिरोपरि जलाशयों की ड्राइंग ही वेटिंग करायी गयी है, जिनमें से मात्र 03 स्थानों पर ही शिरोपरि जलाशयों का निर्माण कार्य प्रारम्भ कराया गया है, लक्ष्य के सापेक्ष नगण्य प्रगति पर महोदया द्वारा नाराजगी व्यक्त करते हुए शीघ्र ही सभी स्थानों पर कार्य प्रारम्भ करने के निर्देश प्रदान किये।
4. जल जीवन मिशन कार्यक्रम फेज-2 के अन्तर्गत फर्म द्वारा मार्च, 2023 तक 46023 एफ0एच0टी0सी0 कराये जाने हैं, जिसके सापेक्ष फर्म द्वारा 12787 नग एच0टी0सी0 ही कराये गये हैं, जिस पर महोदया द्वारा नाराजगी व्यक्त करते हुए एफ0एच0टी0सी0 के कार्यों की प्रगति बढ़ाने के निर्देश प्रदान किये।
5. जल जीवन मिशन कार्यक्रम फेज-3 के अन्तर्गत फर्म मै0 बी0जी0सी0सी0पी0एल0 रामकी (जे0वी0), दिल्ली को पेयजल योजनाओं के निर्माण हेतु 493 रा0ग्रा0 आवंटित हैं, जिस पर महोदया द्वारा बैठक में उपस्थित मै0 बी0जी0सी0सी0पी0एल0 रामकी (जे0वी0), दिल्ली के प्रतिनिधि से पूछा कि उनके द्वारा अब तक लक्षित रा0 ग्रा0 के सापेक्ष कितनी डी0पी0आर0 तैयार की गयी हैं, जिस पर फर्म के प्रतिनिधि द्वारा अवगत कराया गया कि उनके द्वारा 441 रा0ग्रा0 की डी0पी0आर0 विरचित की गयी हैं, जिनमें से 306 रा0ग्रा की डी0पी0आर0

जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन की बैठक में अनुमोदित हो चुकी हैं एवं उक्त 84 राजस्व ग्रामों की डी0पी0आर0 इस बैठक में अनुमोदित किये जाने का प्रस्ताव हैं, जिन्हें सम्मिलित करते हुए कुल 490 राजस्व ग्रामों की डी0पी0आर0 जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन की बैठक में स्वीकृत हो जायेंगी। अवशेष बचे राजस्व ग्रामों की डी0पी0आर0 आगामी बैठक में अनुमोदन हेतु प्रस्तुत की जायेंगी।

6. अधिशासी अभियन्ता द्वारा अवगत कराया गया कि ज0जी0मि0 फेज-2 से डी-स्कोप होने के उपरान्त 42 नग डी0पी0आर0 जल जीवन मिशन कार्यक्रम फेज-3 में सम्मलित की गयी हैं, जिस पर महोदया द्वारा फर्म मै0 ऑयन एक्सचेंज को उक्त राजस्व ग्रामों की डी0पी0आर0 फर्म मै0 बी0जी0सी0सी0पी0एल0 रामकी (जे0वी0), दिल्ली को उपलब्ध कराने के निर्देश दिये।
7. जल जीवन मिशन कार्यक्रम फेज-3 के अन्तर्गत फर्म मै0 बी0जी0सी0सी0पी0एल0 रामकी (जे0वी0), दिल्ली द्वारा वर्तमान तक पेयजल योजनाओं के निर्माण हेतु अनुबन्ध में दिये गये प्राविधान के अनुसार स्टाफ की तैनाती नहीं की गयी है, जिस पर महोदया द्वारा नाराजगी व्यक्त करते हुए बैठक में उपस्थित फर्म के प्रतिनिधि से स्टाफ के विषय में पूछा तो फर्म के प्रतिनिधि द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद में 01 नग डी0जी0एम0/परियोजना प्रबन्धक, 01 नग सीनियर इंजीनियर, 03 नग जूनियर इंजीनियर एवं अन्य 03 नग स्टाफ की तैनाती की गयी है, जिस पर महोदया द्वारा निर्देश प्रदान किये गये कि आर0एफ0पी0 में दिये गये प्राविधान के अनुसार स्टाफ की तैनाती की जाये और कार्यालय की स्थापना की जाये और अधिशासी अभियन्ता को निर्देश दिये कि यदि फर्म द्वारा दिनाँक 01-01-2023 तक जनपद में कार्यालय नहीं स्थापित किया जाता है तो फर्म के विरूद्व अनुबन्धानुसार अर्थदण्ड बसूली की कार्यवाही की जाये।
8. जल जीवन मिशन फेज-3 में दिनाँक 08-12-2022 तक 234 राजस्व ग्रामों की डी0पी0आर0 राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ से स्वीकृत हो चुकी हैं, जिसके सापेक्ष फर्म द्वारा मात्र 41 नग त्रिपक्षीय अनुबन्ध ही निस्पादित कराये गये हैं, निस्पादित अनुबन्ध के सापेक्ष फर्म द्वारा आतिथि तक कहीं भी कार्य प्रारम्भ नहीं कराया गया है, जिस पर महोदया द्वारा कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए बैठक में उपस्थित फर्म के प्रतिनिधि को निर्देश दिये गये कि कम से कम 10 नग रिंग मशीन, 06 कम्प्रेसर, 06 ओ0पी0यूनिट, बोरिंग हेतु आवश्क प्लेन/स्लॉटेड पाइप इत्यादि सामग्री की आपूर्ति, वांछित डिजायन/ड्राइंग तैयार कर सक्षम स्तर से स्वीकृति लेते हुए तथा श्रमिकों का प्रबन्ध करते हुए तत्काल कार्य प्रारम्भ कराया जाये।

अन्त में जिलाधिकारी महोदय, हाथरस द्वारा बैठक का समापन किया गया और समस्त संबंधित को दिये गये निर्देशों का अक्षरशः पालन करने के निर्देश प्रदान किये।

<u>संलग्नक :- 45 कॉलम प्रारूप।</u>

(साहित्य प्रकाश मिश्र)
मुख्य विकास अधिकारी
हाथरस

## कार्यालय मुख्य विकास अधिकारी, हाथरस

पत्रांक 954 / BGCCPL-3 / 50 दिनाँक 22/12/2022

प्रतिलिपि :- निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

1. अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग, लखनऊ को इस अनुरोध के साथ कि उक्त डी0पी0आर0 के अनुमोदन के सम्बन्ध में अपने स्तर से आवश्यक कार्यवाही करने का कष्ट करें।
2. जिलाधिकारी महोदय, हाथरस।
3. अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), हाथरस।
4. मै0 आरवी एसोसियेट (टी0पी0आई0), हाथरस।
5. मै0 मैधज टैक्नो कॉन्सेप्ट (डी0पी0एम0यू0), हाथरस।
6. M/s BGCCPL-Ramky-JV,4th Floor Vikas Surya Shopping Mall,Plot- 18, Manglam Place, Sector-3 Rohini,Delhi- 110085.

मुख्य विकास अधिकारी
हाथरस